बरेली, सोमवार
20 जुलाई, 2026
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 14+4=18

दैनिक जागरण

PAGE NO : IV TOP

## इठलाती बल खाती गाने की ट्रैक रिकार्डिंग पर कथक के भावपूर्ण मंचन ने मोहा मन

# "द मानसून" में कथक गुरुओं और विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा



रिद्धिमा में प्रस्तुति देते कलाकार • सौ. आयोजक

**बरेली:** शहर में मानसून की सक्रियता के बीच एसआरएमएस रिद्धिमा में रविवार शाम "द मानसून" कार्यक्रम में कथक की धुन गूंजी। कथक के गुरुओं और विद्यार्थियों ने प्रतिभा का प्रदर्शन कर दर्शकों को लुभाया। विद्यार्थियों गौरा, श्रुतिका, पंखुड़ी, अवनी, प्रनिका, वर्णिका, तृप्ता वर्मा, अनाया, नितारा, अनिका, गौरवी, अवियाना, मीरा, जोया, अनुभूति आदि ने इठलाती बल खाती गाने की ट्रैक रिकार्डिंग पर अपने कथक के भावों के साथ कार्यक्रम का आरंभ किया।

विद्यार्थियों ने नित्या कटारा चतुरंग, गौंड मल्हार तराना, मेघ मल्हार, बरसे बदरिया सावन की और घिरघिर आई बदरिया कारी जैसे गीत पर भी अपनी नृत्य प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कथक गुरु अंशु शर्मा ने बरसात की लयबद्ध धुन पर प्रस्तुति दी। अंत में कथक गुरु देबज्योति नस्कर और रियाश्री चटर्जी ने सखी मोही रुनझुन बादल बरसे पर अपनी नृत्य कला का प्रदर्शन किया। गायन गुरु प्रियंका ग्वाल और सात्विक मिश्रा ने अपने स्वरों के साथ और वाद्ययंत्र गुरुओं दीपकांत जौहरी और अमरनाथ (तबला), ऋषभ देव पाठक (पखावज), अनीश मिश्रा (सारंगी), सीमा (सितार) आदि ने भी अपने वाद्ययंत्रों के माध्यम से उपस्थिति दर्ज कराई। इस दौरान एसआरएमएस ट्रस्ट के संस्थापक देवमूर्ति, आशा मूर्ति, आदित्य मूर्ति, ऋचा मूर्ति, देविशा मूर्ति, उषा गुप्ता, डा. अनुज कुमार आदि उपस्थित रहे। (वि.)